# राधे गोविंद गोपाल रटते रहो श्याम लेंगे खबरिया कभी ना कभी

राधे गोविंद गोपाल रटते रहो,
श्याम लेंगे खबरिया कभी ना कभी,
प्रेम से नेम से रोज भजते रहो,
उनकी होगी नजरिया कभी ना कभी।bd।

---

भाव के भूखे है बस मेरे सांवरे,
प्रेम के प्यासे है इतना तू जान ले,
प्रेम के प्यासे है इतना तू जान ले,
श्रद्धा से उनको निशदिन सुमरते रहो,
उनकी होगी नजरिया कभी ना कभी,
राधें गोविंद गोपाल रटते रहो,
श्याम लेंगे खबरिया कभी ना कभी।bd।

---

चाहे टूटे भले नेम खुद के सभी,
भक्त की बात ना गिरने देवे कभी,
भक्त की बात ना गिरने देवे कभी,
इतना विश्वास बस उनपे करते रहो,
उनकी होगी नजरिया कभी ना कभी,
राधें गोविंद गोपाल रटते रहो,
श्याम लेंगे खबरिया कभी ना कभी।bd।

---

प्राण से प्यारे है भक्त उनको सदा,
अपने भक्तों से वो दूर जाते कहाँ,
अपने भक्तों से वो दूर जाते कहाँ,
काम करते रहो नाम जपते रहो,
सुधि लेंगे सांवरिया कभी ना कभी,
राधें गोविंद गोपाल रटते रहो,
श्याम लेंगे खबरिया कभी ना कभी।bd।

---

श्याम उसके हुए उनका जो हो गया,
श्याम उसको मिले उनमे जो खो गया,
श्याम उसको मिले उनमे जो खो गया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

उनको अर्पण हर एक साँस करते रहो,
उनकी होगी नजरिया कभी ना कभी,
राधें गोविंद गोपाल रटते रहो,
श्याम लेंगे खबरिया कभी ना कभी।**bd**।

---

राधे गोविंद गोपाल रटते रहो,
श्याम लेंगे खबरिया कभी ना कभी,
प्रेम से नेम से रोज भजते रहो,
उनकी होगी नजरिया कभी ना कभी।**bd**।

**Singer – Raju Mehra Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com